तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 बस्तर के जननायक थे पूर्व सांसद बलीराम...





14 प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों के समग्र स्वास्थ्य...




## खबर संक्षेप

### 86 उपभोक्ताओं की बिजली काटी

**महासमुंद।** जिले में बिजली वितरण कंपनी लंबित बिजली बिल बकायादार उपभोक्ताओं पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को अधीक्षण अभियंता वी बीएस कंवर के निर्देशन में टीम गठित कर राजस्व वसूली के लिए खट्टी वितरण केंद्र अंतर्गत बिजली बिल के लिए लंबित बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं का सामूहिक रूप से लाइन विच्छेदन किया गया है। इस दौरान खट्टी वितरण केंद्र के 35 लाख 78 हजार 179 रुपए बकाया वाले 86 उपभोक्ताओं की बिजली लाइन काटी गई। कुल 16 उपभोक्ताओं से 3 लाख 617 रुपए प्राप्त हुआ है। राजस्व वसूली की कार्रवाई निरंतर आगे भी जारी रहेगी। लाइन विच्छेदित उपभोक्ताओं द्वारा यदि अनधिकृत लाइन जोड़ी जाती है तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### शराबी पुत्र ने की पिता से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम जाड़ामुड़ा में एक शराबी बेटे ने शराब के नशे में अपने पिता से गाली-गलौज कर मारपीट की। मामले की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम जाड़ामुड़ा निवासी कपूरचंद प्रधान ने बताया कि तीन भाइयों में वह सबसे छोटा है, उसके दो बड़े भाई संकीर्तन प्रधान व कीर्तन प्रधान है। 7 मार्च की रात में खाना खाकर अपने कमरा में सो रहा था, तभी रात 10 बजे झगड़ा विवाद होने की आवाज आने पर कपूरचंद प्रधान उठा बाहर निकल कर देखा तो उसके बड़े भाई कीर्तन प्रधान के घर से आवाज आ रही थी, जहां जाकर देखा तो उसके बड़े भाई संकीर्तन प्रधान का लड़का हेमराज प्रधान शराब के नशे में कीर्तन प्रधान के घर आया हुआ था व कीर्तन प्रधान के घर वालों व अपने पिता संकीर्तन प्रधान के साथ गाली-गलौज कर विवाद कर रहा था, कपूरचंद के मना करने पर, उसे तुम कौन होते हो मुझे रोकने वाला कहकर मां-बहन की गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल से फेंक कर मारा, जिससे कपूरचंद के सिर पर चोट आई है।

# हर्बल गुलाल और घरेलू उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर हो रही समूह की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद जिले के ग्राम भोरिंग में पिछले छह वर्षों से संचालित दुर्गा स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। यह महिला समूह पर्यावरण अनुकूल और स्वदेशी उत्पादों के निर्माण में अग्रसर है, जिसमें हर्बल गुलाल प्रमुख उत्पादों में से एक है।

दुर्गा स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक और हानिकारक रसायनों से मुक्त होती है। इसे भाजी और फूलों से तैयार किया जाता है, जिससे यह त्वचा के लिए सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनती है। होली के त्योहार के दौरान यह उत्पाद विशेष रूप से लोकप्रिय होता है और इसे स्थानीय बाजारों में बेचा जाता है।

दुर्गा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कुमारी साहू ने बताया कि उनके समूह में 10 से अधिक महिलाएं शामिल है। साथ ही उन्हें शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। बिहान योजना के माध्यम से समूह को संचालन के लिए लोन प्राप्त हुआ, जिससे वे अपने उद्यम को आगे बढ़ा रही हैं। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता से समूह की महिलाओं के कार्यों को और गति मिली है। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि विष्णुदेव साय सरकार महिलाओं को पहली प्राथमिकता में रखकर उनके सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है।

## दुर्गा स्व सहायता समूह का ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य



### विभिन्न उपयोगी उत्पादों का भी निर्माण

समूह की अध्यक्ष ने बताया कि हर्बल गुलाल के अलावा समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के उपयोगी उत्पादों का भी निर्माण किया जाता है, जिनमें बर्तन धोने और नहाने का साबुन, बर्तन साफ करने का लिक्विड, वाशिंग पाउडर, मोमबत्ती, हर्बल शैंपू जैविक खाद, अगरबत्ती, करी लड्डू, बड़ी, पापड़, आचार और सैनिटाइजर आदि शामिल है, जिन्हें इस समूह की महिलाएँ अपने उत्पादों को स्थानीय बाजारों और मेलों में बेचकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। दुर्गा महिला स्वसहायता समूह के माध्यम से गांव की महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि समाज में एक नई पहचान भी बना रही हैं। बिहान योजना और महतारी वंदन योजना महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधारने में वरदान साबित हो रही हैं।

## घटना : किसान ने की आत्महत्या, उसके ही खेत के पेड़ पर लटकी मिली लाश




# खेत में पड़ी दरारों से उभरी चिंता की लकीरों से किसान हारा

खेत में दरारें देख किसान के माथे पर उमड़ी चिंता की लकीरों ने उसके परिवार को अनाथ कर दिया। बिजली कटौती और फसल बर्बाद होने से परेशान किसान की लाश उसके ही खेत के नीम के पेड़ में लटकी मिली। परिजनों की मानें तो बिजली कटौती से फसल बर्बाद होने से किसान परेशान था। वहीं पुलिस ने इस मामले में जांच से पहले कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है।

### परिजनों ने बताया-बिजली कटौती से तबाह होती गई फसल, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मामला जिले के पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर का है जहां मंगलवार सुबह परिजनों को किसान पूरन निषाद की लाश खेत के ही पेड़ में लटकी मिली। जिसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी गई। मृतक के बेटे ने बताया कि मृतक ने झलप स्थित जिला सहकारी बैंक की झलप शाखा से डेढ़ लाख का



केसीसी कर्ज लिया था। इसके अलावा भी साहूकारों से लगभग डेढ़ लाख का कर्ज होने की बात सामने आई है। किसान परिवार में कुल 2.8 एकड़ जमीन होने की बात सामने आई है। किसान अपनी पत्नि और दो बेटे, बहू और बेटी का भरा पूरा परिवार अपने पीछे छोड़ गया। किसान के बेटे तुलेश्वर ने बताया कि कल शाम खेत में 5 बजे खाना देने गया था। उसने बताया कि उसके चाचा से चर्चा के दौरान उसने चिंता फिकर होने की बात कही थी। बाद सुबह 6 बजे मृतक को पेड़ से लटका पाया गया। उसने बताया कि सहकारी बैंक का कर्ज का लेनदेन होता रहा रहा है। खेती किसानी से कर्ज चुकाते और फिर से खेती के लिए कर्ज लेते आए हैं।

### फसल मर जाने से चिंतित था किसान

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि



चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार में किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत थी। कांग्रेस सरकार में कोई किसान आत्महत्या नहीं की, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का काम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। चंद्राकर ने कहा कि किसान द्वारा आत्महत्या सरकार की नीति पर ही बड़ा सवाल है। उन्होनें कहा कि भाजपा सरकार ने रबी में धान फसल लगाने से मना किया और कांग्रेस ने जब इस आदेश का विरोध प्रदर्शन किया, तब किसान रबी फसल लगा पाए।

### बिजली कटौती बना किसान आत्महत्या का कारण

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के



पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने झलप क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर में फसल बर्बाद होने से परेशान किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना पर कड़ी निंदा की। उन्होंने किसान के परिवार को 50 लाख मुआवजा देने, उसके पुत्र को सरकारी नौकरी देने, बिजली कटौती बंद करने, लो वोल्टेज की समस्या का स्थाई समाधान की मांग की है। अन्यथा कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी।

### आखिर हुआ वही जिसका डर था: अंकित

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता



अंकित बागबाहरा ने कहा कि लगातार लो वोल्टेज, बिजली कटौती और फेस चेंज की परेशानी को लेकर पिछले साल मार्च से महासमुंद जिला प्रशासन व बिजली विभाग के संज्ञान में जानकारी लाते गए। उसके बाद पुनः इस साल भी फरवरी से लगातार बिजली विभाग व प्रशासन को किसान समस्या से अवगत करवाता रहा, पर विभाग ने सुध नही ली और सिंघनपुर के किसान पूरन निषाद ने आत्महत्या कर ली।



### कलेक्टर ने कहा- हो रही मामले की जांच

किसान आत्महत्या मामले में प्रशासन की ओर से विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता बी दीवान ने बताया कि किसान के खेत में जो बोर है पहले प्रयास में असफल हो गया था, दूसरे प्रयास में 300 फीट की गहराई में बहुत ही कम फ्लो में पानी मिला। इसलिए बोर से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही थी। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि सिंघौरी फीडर बस्ती फीडर से जुड़ा हुआ है जिसमें बिजली कटौती नहीं होती। ट्रांसफार्मर में वोल्टेज लोड सही पाया गया और कोई कटौती नहीं की गई है। वर्तमान में महासमुंद संभाग में लो वोल्टेज की समस्या नही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी को जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर में फागुन के रंग माता के संग का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय बरोंडा चौक स्थित मां भवानी दुर्गा मंदिर में 13 मार्च की शाम 5 बजे से फागुन के रंग माता के संग फाग महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें लुप्त हो रही पारंपरिक फाग का गायन शाम 5 बजे नगाड़ों के थाप पर होगा। साथ ही अबीर गुलाल फूलों से होली उत्सव मनाया जाएगा। रात्रि 8 बजे महाकाल मुक्तिधाम समिति द्वारा माता की आरती के अलावा माता रानी की आकर्षक झांकी प्रस्तुति होगी। जिसमें उपस्थितजन मातारानी के फूलों से होली खेलेंगे। जानकारी देते हुए मंदिर के राजेश लूनिय, संजय शर्मा ने बताया कि आयोजन को लेकर नगर पुराहित पं. पंकज तिवारी के सानिध्य में बैठक हुई। जिसमें नगर के प्रबुद्धजन राजेश्वर खरे, हेमंत द्विवेदी, मनीष शर्मा, भाऊराम साहू, भरत ठाकुर, बाबूलाल साहू, अग्रज शर्मा, मूलचंद लड्ढा, दिलीप जैन, श्रवण चंद्राकर, संतोष शुक्ला, रामनिवास चंद्राकर, नंदकुमार साहू, विक्रम सिंह ठाकुर, विपिन शर्मा, डा. तरूण साहू, डा. अनिरूद्ध कसार, होरीलाल पांडेय, दीपक तिवारी, चोवाराम साहू, प्रदीप वर्मा, राजेश नायक, दिपाली चंद्राकर, मधु शर्मा, पंकज चंद्राकर, नरेश साहू, गौरव चंद्राकर, गणेशराम आदि मौजूद रहे।

## रंग पे गुलाल भारी, गणेशा हर्बल गुलाल की मांग अधिक

# त्योहारी खरीदारी के चलते बाजार हुआ गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

होली पर्व को लेकर बाजार में दुकाने सज गई हैं। रंग-बिरंगी पिचकारी व विभिन्न रंग के गुलाल व नगाड़ों की दुकानों में लोगों की भीड़ उमड़ रही हैं। दरअसल, त्यौहार के अंतिम क्षणों में इन दुकानों में भारी भीड़ का आलम रहता है। और अपने गृह ग्राम में रवाना होने से पहले शुरु हुई खरीददारियों के दौर के चलते मंगलवार से ही बाजार में त्यौहारी रौनक नजर आने लगी है। शहर के गली मोहल्लों में भी होलिका दहन की तैयारियों का दौर शुरु हो गया है।

बता दें कि हर साल की तरह इस साल भी हर्षोल्लास के साथ होली मनाने की तैयारी चल रही है। फिलहाल थोक दुकानों से छोटी-बड़ी दुकानों के साथ ही सड़क के किनारे दुकानें लगनी शुरू हो गई है। पिछले कुछ साल से बाजार में केमिकलयुक्त गुलाल की बिक्री में कमी आयी है वहीं हर्बल गुलाल की मांग ज्यादा दिख रही है।

दुकानदारों का कहना है कि अब ग्राहक नए रंग के गुलाल की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग को ध्यान में रखकर नए रंग के गुलाल मंगाए गए हैं। इस बार हर्बल गुलाल ज्यादा मात्रा में मंगाए गए हैं। इसके अलावा बाजारों में कई तरह की पिचकारी बिक रही है।

50 से 5000 रुपये तक की पिचकारी बाजार में उपलब्ध है। बंदूक, राफेल, प्रेशर पिचकारी, बेलन, हथौड़ा, त्रिशूल-डमरु, टैंक, डोरेमान समेत तमाम प्रकार की डिजाइन की पिचकारी बिक रही है। इसी तरह नगाड़ा 120 रुपये से 600 रुपए तक बाजार मे बिक रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि अभी बाजार तो सज गया है ,पर खरीददार कम आ रहे हैं, उम्मीद है कि एक-दो रोज में बाजार मे रौनक आ जाएगी। होली के एक दिन पूर्व यानि 13 मार्च की रात होलिका दहन होगा। होलिका दहन की तैयारी में लोग जुट गए हैं। सूखी लकड़ियों समेत झाड़-झंखाड़ जगह-जगह इकट्ठा किए जा रहे हैं। नगर के मुख्य चौक-चौराहों सहित मोहल्लों के अलावा ग्रामीण अंचलों में कई जगह होलिका जलाई जाती है।



### होलाष्टक प्रारंभ, नहीं होंगे शुभ कार्य

विगत 6 मार्च से होलाष्टक लग गया है जो 14 मार्च को समाप्त होगा। होलाष्टक की इस अवधि में कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। होलाष्टक के दौरान पूजा-पाठ, तप-ध्यान करना शुभ माना जाता है। होलाष्टक में श्री हनुमान जी, भगवान विष्णु और नरसिंह भगवान की पूजा करने का विधान है। होलाष्टक के दौरान श्री सूक्त पाठ और मंगल ऋण मोचन स्त्रोत का पाठ करने से कर्ज से छुटकारा मिल जाता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। लेकिन होलाष्टक के दौरान किसी भी तरह के मांगलिक और शुभ कार्यों को करने की मनाही होती है। इस दौरान नए घर का निर्माण या फिर गृह प्रवेश नहीं किया जाता। सोना-चांदी, वाहन आदि खरीदने की भी मनाही होती है। इस दौरान नया व्यापार या फिर कोई अन्य काम की शुरूआत नहीं की जाती है। शादी-विवाह, मुंडन-छेदन सहित अन्य 16 संस्कार करने की मनाही होती है।

### होलिका दहन करने करना होगा लंबा इंतजार

होलिका दहन के लिए इस बार लंबा इंतजार करना पड़ेगा। देर रात तक इंतजार करने के बाद ही भक्तगण होलिका दहन कर सकेंगे। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 13 मार्च को सुबह 10.35 बजे पर होगी और अगले दिन 14 मार्च को दोपहर 12.23 तक रहेगी। 13 मार्च को भद्रा पूंछ शाम 6.57 बजे से रात 8.14 बजे तक रहेगी। इसके बाद भद्रा मुख का समय शुरू हो जाएगा जो रात 10.22 बजे तक रहेगा। इसके बाद ही होलिका दहन करना शुभ होगा। हालांकि भद्रा 10.22 बजे समाप्त हो जाएगी, लेकिन दहन के लिए 13 मार्च को रात 11.26 बजे से देर रात 12.30 बजे उत्तम माना जा रहा है। इस तरह से होलिका दहन के लिए 64 मिनट का समय भक्तों को मिलेगा।


## जिले में बढ़ रहे हैं अपराध, कानून व्यवस्था बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं : अंकित

जिले के खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने जिले में बढ़ रहे अपराध पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि जिला पुलिस केवल अपनी उपलब्धि का बखान करने के आंकड़े मीडिया के सामने पेश कर रही है जबकि चोरी, लूट-पाट, छेड़छाड़, मारपीट आदि अपराधों के साथ जुआ सट्टा और अवैध शराब बिक्री पर लगाम नहीं लग पा रही है। उन्होनें कहा कि 2023 की अपेक्षा वर्ष 2024 में 63 फीसदी अपराध बढे हैं। कुल अपराधों की संख्या 2023 में जहां 332 थी वहीं 2024 में बढ़कर 539 हो गए हैं।

प्रेसवार्ता में कहा कि जिले में अपराध बढ़ रहे हैं। खासकर चोरी के मामलों में पुलिस के हाथ चोरों तक नही पहुंच पा रहे है। जिले का ऐसा कोई क्षेत्र नही बचा जहां किसी भी प्रकार का नशा आसानी से



उपलब्ध न हो। थानों के संरक्षण में नशे का सामान बेखौफ बेचा जा रहा है। दिनदहाड़े हो रही चोरियों से व्यवस्था बिगड़ रही है। पुलिस के द्वारा पर्याप्त गश्ती भी नहीं की जाती है। अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त हो गया है। चोर गिरोह बेखौफ वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

अंकित बागबाहरा ने बताया कि पुलिस ने साइबर अपराध व नशाखोरी पर लगाम को ही अपनी सफलता बता रही है, लेकिन जिले में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, चोरी के मामले बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी, जिसके तहत थानावार उन्होंने आंकड़े मिले हैं। जिसमें अपराध का ग्राफ जिले में बढ़ता हुआ दिख रहा है।

उन्होंने बताया कि पुलिस मामलों का खुलासा भी नहीं कर पा रही है। चोरी, लूट-पाट, छेड़छाड़, मारपीट आदि अपराधों के साथ जुआ सट्टा और अवैध शराब बिक्री पर लगाम नहीं लग पा रही है। अपराधों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग परेशाम है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोलिंग भी बहुत ही कम होती है। 2024 में हत्या के 23 मामले दर्ज किए गए है और 2023 में 19 मामले ही दर्ज किए गए थे। हत्या के प्रकरणों में इजाफा हुआ है। 2024 में 181 चोरी के मामले सामने आए हैं, जिसमें से अधिकांश का खुलासा नहीं हुआ है।

### होली पर्व के मद्देनजर मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने के निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शासकीय एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं कार्यां की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, रवि राज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य विकासखण्ड अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे। कलेक्टर लंगेह ने किसान पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि इसमें आवश्यक तेजी लाएं। उन्होंने किसानों का एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री एप्प/पोर्टल में सीएससी और सहकारी समितियों के माध्यम से रजिस्ट्रेशन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि किसान स्वयं भी एग्रीटेक एप्प के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते है। इसी तरह उन्होंने धान उठाव की प्रगति की समीक्षा की। शेष एक लाख 10 हजार क्विंटल धान का उठाव आगामी 13 मार्च तक उठाव करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में राशन कार्ड के ई केवाईसी के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड के ई केवाईसी के लिए 31 मार्च तक का समय सीमा निर्धारित है। उन्होंने वर्तमान में चल रहे बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार के नकल प्रकरण पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य में अधिक से अधिक सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिन परिवारों का आधार कार्ड नहीं बना है, उनके लिए विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। निक्षय निरामय योजना अंतर्गत चिन्हां कित सभी मरीजों के संरक्षण एवं उसके इलाज के लिए लगातार प्रयास करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए है। इसी तरह जल शक्ति अभियान के अंतर्गत विभिन्न जल स्त्रोतों का फोटो अपलोड करने कहा गया है। इसी तरह निर्माण एजेंसी को 20 मार्च से पहले लंबित भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित एजेंसी पूर्णतः प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लेवें। महासमुंद एवं बागबाहरा एफसीआई के समीप सड़क के दोनों किनारों पर वाहन खड़ा करने को रोकने के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को त्यौहार के मद्देनजर मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों के लगातार निरीक्षण कर सैंपल लेने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का समय सीमा पर निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा पीएम आवास, पीएम जनमन, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड आदि की समीक्षा की गई एवं उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हाईकोर्ट एवं विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा में जवाब देने के निर्देश दिए।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### पुराना राजेंद्र नगर में किया हर्बल गुलाल का वितरण

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा पुराना राजेंद्र नगर और डीडीयू नगर में सोमवार को हर्बल गुलाल वितरित किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, हम हर्बल गुलाल वितरण कर रहे हैं, जैसे ही बच्चे गुलाल लिए, सबके चेहरे खिल उठे, जिससे खुशनुमा माहौल हो गया। सभी वर्ग होली खुशी से और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाए, आपसी मतभेद भूलकर होली खेले। इसी दौरान पंकज विक्रम वार्ड पार्षद स्वप्निल मिश्रा, पार्षद अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, डॉ. एनडी गजवानी अन्य उपस्थित थे। सुनील कुकरेजा, मोहन वल्र्यानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी, महेश खिलनानी, सुनीता तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### अंतिम संस्कार के लिए दी सहयोग राशि

**रायपुर।** विधि विभाग मंत्रालय में संविदा पर कार्यरत कर्मचारी पीतांबर ध्रुव का 9 मार्च को निधन हो गया। मृतक कर्मचारी के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कुल 34500 रुपए की राशि एकत्रित कर उनके गृहग्राम ढोढरा जाकर अंतिम संस्कार के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई। विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने विभाग के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनके निधन के बाद सोमवार को कार्यालय में विभाग के कर्मचारियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### अधिकारियों को आरटीआई अधिनियम की बारीकियां समझाने प्रशिक्षण जारी

**रायपुर।** जनसूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आने वाले आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण हो। इसके लिए अधिकारियों को मास्टर ट्रेनिंग दी जा रही है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) एवं छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा द्वारा कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस भवन में 16 जिलों के जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर सोमवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की विस्तृत जानकारी देना और उन्हें अपने जिले में मास्टर ट्रेनर के रूप में विकसित करना है, ताकि वे अन्य अधिकारियों को भी प्रशिक्षित कर सकें।

**नई जिम्मेदारी:** पालिका के प्रवेश द्वार पर अधिकारी-कर्मचारियों ने किया स्वागत

# नपाध्यक्ष ने पूजा-अर्चना कर दफ्तर में किया प्रवेश, सम्हाला कामकाज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मंगलवार को पूजा अर्चना पश्चात अपने दफ्तर में प्रवेश कर कामकाज सम्हाला।

सर्वप्रथम अपने श्रीनिवास से अपनी माता के साथ स्वयं कार चलाते हुए नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू पालिका कार्यालय पहुंचे। उनकी माता लड्डू गोपाल को फूलों की सेज पर बिठाए हाथों में लेकर पहुंची थीं। पालिका के प्रवेश द्वार पर पहुंचते ही साहू का पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भव्य गजमाला से स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी ने अध्यक्ष कक्ष में पूजा कार्य संपन्न कराया। पंडित तिवारी ने बताया कि आज द्वादश के दिन ही भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था। आज के दिन शुरू किए कार्य अवश्य सफल होते हैं। पूजा में पालिकाध्यक्ष की माता सीता साहू, पिता मनोजकांत साहू, वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद ज्योति रिंकू चंद्राकर, वार्ड 2 के पार्षद जय देवांगन, वार्ड 3 की पार्षद संतोषी पप्पू ठाकुर, वार्ड 4 पार्षद राहुल आवड़े, वार्ड 5 के पार्षद जीतेन्द्र ध्रुव, वार्ड 6 की पार्षद सीता टोंडेकर, वार्ड 7 पार्षद विक्की खान, वार्ड 8 पार्षद जरीना हाफ़ज़ि कुरैशी, वार्ड 9 के पार्षद सूरज नायक, वार्ड 10 पार्षद माखन पटेल, वार्ड 11 की पार्षद ओमीन तोमन कागजी, वार्ड 12 की पार्षद कल्पना सूर्यवंशी, वार्ड 15 की पार्षद ईश्वरी संजय भोई, वार्ड 16 के पार्षद धनेन्द्र विक्की चंद्राकर, वार्ड 17 के पार्षद नीरज चंद्राकर, वार्ड 18 की पार्षद माधुरी यदु, वार्ड 19 की पार्षद प्रीति बादल मक्कड़, वार्ड 21 के पार्षद बड़े मुन्ना देवार, वार्ड 23 की पार्षद भारती राजू चंद्राकर, वार्ड 25 के पार्षद भाऊराम साहू, वार्ड 26 के पार्षद पीयूष अमृत साहू, वार्ड 27 पार्षद गुलशन साहू, वार्ड 29 पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, वार्ड 30 पार्षद धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी एवं पूर्व पार्षदगण, वरिष्ठगण, कार्यकर्ता, समर्थकगण, पालिका के कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




**गजमाला पहनाकर किया नपाध्यक्ष का स्वागत**

**महासमुंद।** नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने विधिवत पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पालिका के आधिकारी-कर्मचारियों ने उनका तिलक वंदन और गजमाला पहनाकर का आत्मीय स्वागत किया और प्रणाम महासमुंद छायाचित्र भेंट किया। नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब मिलकर शहर विकास की एक लंबी रेखा खींचेंगे। हम सभी एकजुट होकर एक टीम के रूप में काम करेंगे। शहर में पानी सफाई और मूलभूत सुविधा के लिए आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर जय किशन सोनी, ललित साहू, शुभम सोना, कृष्ण कुमार वैष्णव, गुमान ध्रुव, मुरारी साहू, अनुराग गुप्ता, चंद्रशेखर पाटकर, महेंद्र जगत, मेहुल निषाद, विशाल सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

## होली एवं ईद त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना थाना परिसर में शांति समिति की बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनोज खाण्डे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 14 मार्च होली पर्व को शांतिपूर्वक एवं सद्भाव के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। थाना प्रभारी नरेंद्र राठौर ने कहा कि होली त्योहार को आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। पुलिस प्रशासन आपके साथ है। नगर और क्षेत्र का माहौल खराब हो ऐसा काम बिल्कुल न करें। बैठक में डा एनके अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, अशोक जोशी, जगदीश दास राजन, सोनू श्रीवास्तव, पंचराम गहीर, बलराम साहू एएसआई, प्रेमलाल कर, जयंत बारीक एएसआई, अजय अग्रवाल, वाहिद दयाला, मनोज अग्रवाल, जन्मजय साव, शीत गुप्ता, महेंद्र सिंह अरोरा पिंटू, राकेश डड़सेना, अलकाश खैरानी, डॉ गजानन अग्रवाल, विनीता पवन अग्रवाल, आकाश साहू, इरफान गिगानी इल्लू, पार्षद संगीता बंजारा, वरिष्ठ पत्रकार सेवक दास दीवान, अभय धृतलहरे, आरके दास, शुकदेव वैष्णव, देशराज दास, मनहरण सोनवानी सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने भी अपने-अपने सुझाव को साझा किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुझाव को नोट करते हुए उन पर अमल करने का आश्वासन भी दिया।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जनदर्शन में 42 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम किशनपुर के चन्दपाल राणा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने के लिए, ग्राम बढ़ईपाली की बिसाहिन बिंझवार ने शासन से प्राप्त भूमि का पट्टा प्रदान करने, ग्राम सिंधुपाली के हरिहर यादव ने शॉर्ट सर्किट से घर पर आग लगने पर मुआवजा दिलाने एवं ग्राम टेका के तेजराम पटेल ने पीएम आवास में स्वीकृत मकान बनाने के लिए जमीन का बंटवारे के लिए कलेक्टर को आवेदन सौंपे।

## विंटर से बंद रायपुर-जगदलपुर फ्लाइट समर शेड्यूल में भी वापस नहीं लौटेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- यात्रियों की कमी के कारण स्थगित हुई थी उड़ान

विंटर शेड्यूल में स्थगित हुई रायपुर-जगदलपुर की इंडिगो की सीधी विमान सेवा की वापसी होने की संभावना नहीं दिख रही है। दोनों सेक्टर के बीच यात्रियों की संख्या बेहद कम होने की वजह से इस फ्लाइट का संचालन स्थगित किया गया था। इसके पूर्व एक अन्य विमानन कंपनी ने इसे घाटे का सौदा मानते हुए संचालन से अपना हाथ खींच लिया था। क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत राज्य के भीतर विमानों के उड़ान भरने के लिए यात्रियों की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती है। दो शहरों को आपस में जोड़ने के लिए रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जगदलपुर विमानतल तक पहली बार विमान सेवा का संचालन शुरू किया गया था, मगर दोनों शहरों के बीच स्थायी रूप से हवाई कनेक्टिविटी अब तक नहीं बन पाई है। सबसे पहले एयर ओडिशा ने विमान के संचालन से अपना हाथ खींचा था। इसके बाद अलायंस एयर ने अपनी छोटी फ्लाइट का संचालन शुरू किया और कुछ समय बाद रायपुर से सबसे ज्यादा विमानों का संचालन करने वाली इंडिगो ने सप्ताह में अलग-अलग दिनों में रायपुर-जगदलपुर के बीच विमान की शुरुआत की थी।



**सामान्य दिनों में भी 53 हजार यात्री :** ट्रेनों की अनियमित चाल की वजह से छत्तीसगढ़ में हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ चुकी है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अब हर सप्ताह पचास हजार से ज्यादा यात्री आवाजाही करते हैं। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं का दौर चल रहा है और सामान्य मौसम होने के बाद पिछले सप्ताह यहां से 53 हजार यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया है। प्रतिदिन रायपुर में चार हजार यात्री आ रहे हैं और उतने ही दूसरे शहरों के लिए रवाना हो रहे हैं।

## राजधानी में जलसंकट के आसार, महापौर ने तीन दिन के भीतर अधिकारियों से मांगी कार्ययोजना

- 20 से 22 स्थानों पर मेन राइजिंग लाइन से कनेक्शन, 3 दिन के भीतर सूची मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के एक बड़े इलाके में अभी से जलसंकट गहराने लगा है। निगम ने संकटग्रस्त इलाकों की पूरी सूची सोमवार को जारी की है। महापौर मीनल चौबे ने जल विभाग के अधिकारियों से 3 दिन के भीतर जलसंकट से निपटने कार्ययोजना बनाकर देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जल विभाग के कार्यपालन अभियंता से शहर के 20 से 22 ऐसे स्थानों की सूची 3 दिन के अंदर देने के लिए कहा है, जहां सीधे राइजिंग लाइन से कनेक्शन ले लिए गए। इन कनेक्शनों को काटने की कार्यवाही जल्द करने की हिदायत दी गई।

गांधी सदन में सोमवार को गर्मी के सीजन में पेयजल व्यवस्था की तैयारियों को लेकर लेकर महापौर मीनल चौबे ने निगम आयुक्त विश्वदीप की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक ली। यह बैठक 2 घंटे तक चली।



### जलसंकट के संभावित क्षेत्र

बैठक में अधिकारियों ने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप को बताया, जोन-9 के कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में द्वारिका विहार गली नंबर 1, दलदल सिवनी बीएसयूपी, बैरागी बीएसयूपी, टेकारी पीएमएवाय, साजनदास बीएसयूपी, कचना हाउसिंग बोर्ड ब्लॉक 1-25, कचना बीएसयूपी, खम्हारडीह क्षेत्र, श्रीराम नगर सेल्स टैक्स कालोनी, भावना नगर, सरहद फेज-2 हाउसिंग बोर्ड, ब्रह्मदेव नगर, सूरज नगर, बीएसयूपी संकल्प सोसायटी फेज 1, 2, जोन-4 पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड में अर्जुन चौक यादव मोहल्ला, ब्राह्मणपारा वार्ड में धोबी गली, सोहागा मंदिर के पीछे का क्षेत्र, स्वामी विवेकानंद सदरबाजार वार्ड में तेलीपारा, नयापारा, बूढ़ापारा के विभिन्न स्थान पेयजल के संभावित संकटग्रस्त स्थानों में शामिल हैं।

### यहां भी बढ़ सकती है पानी की किल्लत

इसी तरह मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड में धोबी गली, बांसटाल, बैजनाथ पारा, सिविल लाइन वार्ड में आकाशवाणी के पास उत्कल बस्ती, जोगी नगर, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ चौक से नेताजी चौक तक, पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड में पंजाबी कॉलोनी, डॉ. बिपिन बिहारी सूर वार्ड में कुम्हारपारा, आदर्श नगर, शहीद पंकज विक्रम वार्ड में टैगोर नगर क्षेत्र, छत्तीसगढ़ नगर, मोरेवश्वर राव गद्रे वार्ड में संतोषीनगर, कैलाशपति गार्डन के आसपास का क्षेत्र, शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बृजनगर, शहीद राजीव पांडे वार्ड में संजय नगर, आरडीए प्लाट क्षेत्र इंदिरा नगर क्षेत्र, महामाया मंदिर वार्ड में परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 2 क्षेत्र, वीरांगना अवंतिबाई वार्ड में राधाकृष्ण मंदिर के पास, जीपी रोड नंबर 14 के पास, इंदिरा नगर मंदिर गली, जीपी रोड के आगे प्रेमनगर, आदर्श कालोनी, उड़िया बस्ती, वाल्मीकि नगर, रमण मंदिर वार्ड में साहू भवन, पंजाबी बाड़ा, दानवीर भामाशाह वार्ड में गोसाई बाड़ा, सिंधी बाड़ा, तुलसी नगर, सतनामी पारा, मिनी माता चौक, यतियतन लाल वार्ड में बुनियाद नगर, सतनामी पारा आदि क्षेत्रों को पूर्व वर्ष के अनुभव अनुसार पेयजल संकट प्रभावित संभावित स्थानों की सूची में शामिल किया गया है।

**प्रदेशभर से 2897 सहायक शिक्षक प्रभावित परिवार के साथ दे रहे धरना**

## बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षक धरनास्थल पर ही मनाएंगे होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- समायोजन की मांग को लेकर तूता धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन धरना

बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने समायोजन की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर सोमवार को प्रदर्शन किया। धरने में महिला सहायक शिक्षकों के साथ उनके बच्चे और परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। उनका कहना है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन धरना देकर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। इस बार वे यहीं धरनास्थल पर होली त्योहार मनाएंगे। इधर राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने धरना देकर अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ के 2897 बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने नौकरी की सेवा सुरक्षा मांग करते धरना दिया। प्रभावित सहायक शिक्षकों का कहना है, उनके सामने आजीविका का संकट उठ खड़ा हुआ है। नौकरी छीननी ही थी तो पहले क्यों दी? बिना समस्या का समाधान किए नौकरी से निकालने का आदेश तत्काल रोका जाए। धरने पर बैठे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने कहा, उनके साथ गलत हो रहा है। सरकार ने हड़बड़ी में कमेटी तो बना दी, लेकिन कमेटी की अभी तक केवल एक बार बैठक हुई है। अब तक कमेटी की समयसीमा तय नहीं की गई। कमेटी फैसला सुनाने में सुस्ती दिखाई जा रही है।




### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का प्रदर्शन

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने फेस कैप्चर, ऑनलाइन उपस्थिति, और पारदर्शिता के नाम पर ऑनलाइन पेमेंट कटौती का विरोध किया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए हेमा भारती ने कहा, सरकार की इस योजना का हम विरोध करते हैं। फेस कैप्चर आंगनबाड़ी में ही क्यों लागू किया जा रहा है। इसी तरह फोटो कैप्चर कार्य वर्तमान में इसलिए संभव नहीं है, क्योंकि विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को समुचित संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। जैसे 5जी मोबाइल, सभी केंद्रों और गांवों में पर्याप्त नेट सुविधा, मोबाइल रीचार्ज और हितग्राहियों को ओटीपी देने के लिए सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारी द्वारा मोटिवेट नहीं किया गया है, जिसके कारण कई व्यावहारिक दिक्कतें आ रही हैं।

## चैंबर चुनाव, 4 वर्ष पुराने सदस्यों को चुनाव लड़ने की पात्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए सोमवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन बॉम्बे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल उद्योग व्यापार भवन में शाम 5 बजे किया गया। चैंबर चुनाव में प्रदेशभर के 27480 मतदाता अपनी पसंद के प्रतिनिधि चुनने मतदान कर सकेंगे। 14 अप्रैल से 10 चरणों में होने वाले इस चुनाव में अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल और पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी के व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं, वहीं व्यापारी एकता पैनल ने इस बार सतीश थौरानी को अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारा है। चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षरयुक्त चैंबर चुनाव-2025 की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 मार्च को शाम 5 बजे राजधानी के चैंबर कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय देशमुख, एचएस कर, एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## डीजे को लेकर भिड़ गए कुलसचिव और छात्र, होली के बीच पहुंची पुलिस, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में सोमवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। एबीवीपी द्वारा आयोजित होली मिलन के मध्य में डीजे बंद किए जाने के कारण विद्यार्थी होली खेलना छोड़कर धरने पर बैठ गए। जब डीजे पुनः चालू कराया गया, तब विद्यार्थी धरना छोड़कर पुनः रंग खेलने लगे। इन सबके बीच एनएसयूआई ने शैक्षणिक संस्थान में डीजे प्रयोग पर आपत्ति दर्ज कराई है।

सोमवार को विवि गार्डन में एबीवीपी द्वारा होली मिलन समारोह 'रंग तरंग' का आयोजन किया गया। इस दौरान तेज आवाज में डीजे भी चलाया गया। रविवि के प्रभारी कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल ने साउंड सिस्टम बंद कराने के लिए लिखित में थाना प्रभारी को पत्र दिया। इसके बाद रविवि कैंपस में पुलिस आई और डीजे बंद करवाया। डीजे के बंद होते ही छात्र आक्रोशित हो गए। वे प्रशासनिक भवन के सामने धरने में बैठ गए। बहस और छात्रों के विरोध के बाद डीजे चालू करने की अनुमति मिल गई। घंटेभर चले विवाद के बाद मिलन समारोह पुनः शुरू हुआ।

**एबीवीपी द्वारा रखा गया था आयोजन, सोमवार दोपहर होता रहा हंगामा**



### बाहर के भी छात्र

मुख्य अतिथि एबीवीपी के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा व महानगर मंत्री प्रथम फूटाने रहे। उन्होंने कहा, एबीवीपी आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। वहीं एनएसयूआई का कहना है, इस आयोजन में विवि अध्ययनशाला के अलावा दूसरे कॉलेज के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। एबीवीपी के बाहरी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी इसमें शामिल हुए, जो नियम विरूद्ध है। इस तरह की अनुचित उपस्थिति सुरक्षा दृष्टि से भी गंभीर विषय है।

### पूर्व में की जा चुकी है शिकायत

उधर एनएसयूआई ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा, एबीवीपी का मिलन समारोह प्रशासनिक नियमों की अवहेलना है। हमने 7 मार्च को ही कुलपति को लिखित रूप से सूचना दी थी और विरोध दर्ज कराया था। विवि परिसर में किसी भी राजनीतिक संगठन द्वारा इस प्रकार के आयोजन प्रतिबंधित है। कुलपति ने इस पर आदेश जारी कर किसी भी छात्र संगठन को ऐसे आयोजन की अनुमति देने से इनकार किया था। बावजूद इसके, सत्ता पक्ष के दबाव में आकर विवि ने अपने आदेश में संशोधन कर एबीवीपी को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन दिया, जो पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है।

# 300 से अधिक लोगों ने देखा सबसे बड़ा ग्रह जूपिटर, 3 चंद्रमाओं को देखा चक्कर लगाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव (कोमाखान)

300 से अधिक संख्या में बच्चे, बड़े, महिलाएं, बुजुर्ग और विद्यार्थी बागबाहरा के मिनी स्टेडियम में सौर मंडल के बारे में जानने की इच्छा लेकर एकत्र हुए थे। उन्होंने पश्चिम दिशा में चमकते हुए खगोलीय पिंड को तारा समझा और कहा कि सर यही तारा हमें हर रोज शाम को दिखाई देता है और कभी कभी बिल्कुल चांद के पास दिखता है। तब विज्ञान आश्रम कसेकरा के संचालक एवं पूर्व अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने उन्हें बताया कि यह चमकदार पिंड तारा नहीं है, बल्कि इवनिंग स्टार के नाम से जाने जाना वाला ग्रह शुक्र है। इसे हम पृथ्वी के सिस्टर प्लेनेट के रूप में जानते हैं। इसके बाद उन्होंने स्टूडेंट्स के सिर के ऊपर चमकते हुए एक और चमकदार खगोलीय पिंड को दिखाकर पूछा कि वह क्या है और किस नाम से जाना जाता है? तब उपस्थित लोगों में से किसी ने उसे ध्रुव तारा कहा तो किसी ने उसे सप्तऋषि कहा। जब विज्ञान सभा की टीम द्वारा उन्हें न्यूटोनियन टेलिस्कोप से इस खगोलीय पिंड को फोकस कर दिखाया गया तो उनके मुंह से वाह वाह निकल गया। लोगों ने बताया कि उन्हें अब टेलिस्कोप के आईपीस में पूर्णिमा के चांद जैसी एक गोल डिस्क दिखाई दे रही है। जिसके बाई ओर बिल्कुल एक सीध में तीन तारे बहुत स्पष्ट चमकते हुए दिखाई दे रहे हैं। जब वहां मौजूद विशेषज्ञ शिक्षकों खेमचंद चक्रधारी, डॉ विजय शर्मा, डीएस टंडन, गजानंद बुडेग और पंकज शर्मा ने उन्हें बताया कि बच्चों यह कोई तारा नहीं, बल्कि हमारे सौर मंडल का सबसे बड़ा ग्रह जूपिटर अर्थात बृहस्पति है। उसके पास एक सीध में दिख रहे 3 पिंड - जिन्हें आप तारे कह रहे हैं, तारे न होकर जुपिटर ग्रह के चारों ओर घूमते हुए उसके चंद्रमा हैं तो वे आश्चर्य चकित रह गए। न्यूटोनियन टेलिस्कोप को संचालित कर रहे हाथीबाहरा मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक खेमचंद चक्रधारी ने उन्हें बताया कि जुपिटर के चार चन्द्रमा, जिन्हें 1609 ई. में गैलीलियो ने ऑब्जर्वेशन किया और नोट्स बनाए थे- उनके नाम आयो, यूरोपा, गेनिमेड और कैलिस्टो है। ये चंद्रमा जुपिटर के चारों ओर चक्कर लगाते रहते हैं। इस समय एक चंद्रमा जुपिटर के पीछे होने के कारण हमें सिर्फ तीन चंद्रमा दिखाई दे रहे हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा विज्ञान दिवस पखवाड़े के अंतर्गत मिनी स्टेडियम बागबाहरा में स्टार गेजिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। विज्ञान आश्रम कसेकरा के न्यूटोनियन टेलीस्कोप के माध्यम से इस अवसर पर लोगों को चंद्रमा के क्रेटर्स, जुपिटर के चन्द्रमा और रात को सबसे अधिक चमकते तारे सायरस का अवलोकन कराया गया और विभिन्न तारामंडलों की जानकारी दी गई। स्टार गेजिंग के लिए बागबाहरा के युवा खगोलविद धनराज भी अपने टेलिस्कोप के साथ इस आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने और उनकी टीम में धवल यादव, सत्यांग चंद्राकर, ओम चंद्राकर और कमलेश चंद्राकर शामिल हैं, के साथ चंद्रमा के क्रेटर्स और जुपिटर ग्रह का भी लोगों को अवलोकन कराया। उन्होंने इस दौरान अपने मोबाइल कैमरे से चंद्रमा और बृहस्पति ग्रह के फोटोग्राफ भी लिए। धनराज ने स्टार गेजिंग के लिए आए हुए विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए बताया कि वे खुद अभी कार्मेल स्कूल में पढ़ रहे हैं। वर्ष 2021 में उन्हें अंतरिक्ष और एस्ट्रोफोटोग्राफी में दिलचस्पी पैदा हुई, जिसके बाद उन्होंने अपने हाथों से 60 मिलीमीटर व्यास और 700 मिलीमीटर फोकल लेंथ के लेंस का उपयोग कर अपवर्तक टेलिस्कोप बनाया। अब उनकी टीम के साथ वे यूनिवर्स के रहस्यों को खोजने निकल पड़ते हैं और देर रात तक नए नए खगोलीय ऑब्जेक्ट्स का अवलोकन करते हैं। स्काई वाचिंग कैम्प की शुरुआत करते हुए इतिहासकार और कसेकेरा मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक डा विजय शर्मा ने इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए विज्ञान सभा छत्तीसगढ़ की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। 1995 से अपने 150 मिलीमीटर व्यास और 900 मिलीमीटर फोकल लेंथ के अवतल दर्पण वाले न्यूटोनियन टेलिस्कोप से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के गांवों और शहरों में विद्यार्थियों के बीच स्काई वाचिंग कर रहे विश्वास मेश्राम का परिचय कराते हुए उन्होंने बताया कि लोगों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने, अंध विश्वास मिटाने और विज्ञान के प्रति अभिरुचि बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर बागबाहरा और आसपास के क्षेत्र के 300 से अधिक प्रोफेसर, डाक्टर, इंजीनियर, व्याख्याता शिक्षकों, विद्यार्थियों और बुद्धिजीवियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्हें एक-एक न्यूटोनियन और गैलीलियन टेलिस्कोपो से ग्रहों का अवलोकन कराया गया। देवरी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल डीएस टंडन द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान गीत आलू मिर्ची चाय जी, कौन कहां से आए जी का सामूहिक गायन कराया गया। उन्होंने अन्य विशेषज्ञों के साथ मिलकर दर्शकों को लेजर बीम के माध्यम से रात्रिकालीन आकाश में दिखाई दे रहे आकाशीय पिंडों और ओरायन, कैनिस मेजोरा, जेमिनी, ओरेगॉ आदि तारामंडलों और पुनर्वसु, काक्षी, कृतिकाओं जैसे नक्षत्रों की पहचान कराई गई। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों और लोगों के विज्ञान से संबंधित सवालों के जवाब भी दिए गए।





### स्कूल व कालेज के छात्रों ने लिया भाग

स्काई वाचिंग कैम्प में विशेषज्ञ के रूप में डा विजय शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर गजानंद बुडेग, देवरी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डीएस टंडन, खोपली हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य भोपाल बंजारा, पीजी कालेज से कोमल सोनवानी, हाथीबाहरा से खेमचंद चक्रधारी, फिजिक्स के प्राध्यापक पंकज शर्मा, युवा खगोलविद धनराज एवं विश्वास मेश्राम ने लोगों के प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम में सुनसुनिया के जी व्हीवी, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, नगर के शासकीय और निजी विद्यालयों और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बागबाहरा के बुद्धिजीवियों ने इस तरह के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए अन्य स्थानों पर भी स्टार गेजिंग कैम्प आयोजित किए जाने का अनुरोध किया। स्टार गेजिंग कैम्प के आयोजन के लिए एसडीएम बागबाहरा उमेश साहू, सीएमओ नगर पालिका बर्मन, केएल आर्ट्स एंड कॉमर्स कालेज की प्रिंसिपल डॉ रश्मि मिंज, कस्तूरबा बालिका विद्यालय की वार्डन श्रीमती साहू, कार्मेल स्कूल के प्राध्यापक सुशील जायसवाल, नागरिक भैयाराम चंद्राकर, आरके आर्या, दिलीप सेन, राजेश कौशिक, मुरली मेश्राम, कोमल सोनवानी आदि का सक्रीय सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### 21वीं पशु संगणना, जिले में 946 ग्राम और वार्ड में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण

**महासमुंद।** पशुपालन विभाग द्वारा 21वीं पशु संगणना 2024 का कार्य पूरे छत्तीसगढ़ में 25 अक्टूबर 2024 से शुरू किया गया था, जो 31 मार्च 2025 तक पूरा किया जाएगा। महासमुंद जिले में भी यह कार्य तेजी से प्रगति पर है। जिले के कुल 1141 ग्रामों और 105 शहरी वार्डों में पशुओं की गणना की जा रही है, जिसमें से अब तक 946 ग्राम व वार्ड में सर्वेक्षण ऑनलाइन सेंसस एप के माध्यम से पूरा किया जा चुका है। शेष ग्रामों/वार्डों की ऑनलाइन एंट्री प्रक्रिया जारी है। इस संगणना कार्य के लिए 110 प्रगणक (सर्वेक्षक) गांव-गांव, घर-घर जाकर पशुपालकों से जानकारी एकत्र कर रहे हैं और उसे ऑनलाइन दर्ज कर सुपरवाइजर को भेजा जा रहा है। सुपरवाइजर द्वारा सत्यापन के बाद यह डेटा जिला नोडल अधिकारी के माध्यम से राज्य नोडल अधिकारी को भेजा जाता है, जिससे संपूर्ण आंकड़े भारत सरकार के पोर्टल पर प्रदर्शित किए जाते हैं। पशुपालन विभाग ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे सर्वेक्षण के दौरान विभागीय कर्मचारियों को सही जानकारी प्रदान करें। यदि किसी कारणवश कोई पशु या घर गणना से छूट गया हो, तो निकटतम संस्था से संपर्क कर सहयोग करें। पशु संगणना का मुख्य उद्देश्य विभिन्न पशुधन प्रजातियों का विस्तृत और सटीक डेटा एकत्र करना है, जिससे सरकार को पशुधन पालन, नस्ल संवर्धन, पशु स्वास्थ्य और उत्पादकता से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

### सहमति बगैर भूमि अधिग्रहण बना दी सड़क

**रायपुर।** भारत माला परियोजना घोटाले में एक और नया खुलासा हुआ है। इस परियोजना में एक ओर जहां कई किसानों की एक खसरा नंबर की भूमि को कई टुकड़ों में विभाजित कर किसानों के नाम पर चढ़ाकर उन्हें करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर कुछेक ऐसे भी किसान हैं, जिनकी जमीन बगैर उनकी सहमति के अधिग्रहित कर ली गई है। यह मामला ग्राम टोकरो का है। किसान की यह जमीन भारत सरकार के राजपत्र सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी होने के पहले से उसके नाम पर दर्ज है। हरिभूमि से बातचीत करते हुए किसान ने कहा कि वह मुआवजे की पात्रता रखता है, क्योंकि उसकी जमीन भी इस प्रोजेक्ट में शामिल कर वहां सड़क बना दी गई है, जबकि अधिग्रहण एवं मुआवजा राशि की सूची में उसका नाम ही नहीं है। मुआवजा राशि के लिए अब वह लगातार तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। उसका यह भी कहना है कि इस प्रोजेक्ट में हुए घोटाले का खुलासा होने के बाद उम्मीद की नई किरण जागी है। अगर इसके बाद भी उसे मुआवजा नहीं मिला तो वह हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेगा।

## निधन

### सूरज चंद्राकर



**महासमुंद।** शहर के कुर्मी पारा निवासी एवं सराफा व्यापारी सूरज चंद्राकर का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे ईश्वर चंद्राकर के सुपुत्र थे। अंतिम यात्रा आज 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में के लिए निकलेगी।

# सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए:डीईओ

## शिक्षकों के लिए दो दिवसीय वातावरण निर्माण कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड में समावेशी शिक्षा योजना के अंतर्गत प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय वातावरण निर्माण कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को समावेशी शिक्षा की बारीकियों से अवगत कराना एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, एपीसी डीएन जांगड़े एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक विद्यालय में शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों को किसी भी स्थिति में शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिव्यांग बच्चों तक पहुँचे, यह शिक्षकों एवं प्रशासन की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेल और अन्य सहगामी गतिविधियों से जोड़कर रखना आवश्यक है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए। ताकि, वे अपनी रुचि के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें और जिले का नाम रोशन करें। एपीसी डीएन जांगड़े ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को यदि सही मार्गदर्शन एवं अवसर मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहते। गीत-संगीत, कला एवं अन्य विधाओं में वे पारंगत होकर अपनी विशेष पहचान बना सकते हैं।



बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने 21 प्रकार की दिव्यांगता का उल्लेख करते हुए शिक्षकों को निर्देश दिया कि सभी बच्चों का प्रस्सत एप में अनिवार्य रूप से पंजीकरण किया जाए। ताकि, राज्य स्तर पर उनकी ट्रैकिंग संभव हो और दिव्यांगता के अनुसार उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की जा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि अस्थिबाधित, तेजाब पीड़ित, कुष्ठ रोग प्रभावित, प्रमस्तिष्क घात, बौनापन, मांसपेशी दुर्विकार, दृष्टि बाधित, अल्पदृष्टि, बधिरता, सुनने की समस्या, भाषा एवं बोलने की दिव्यांगता, सीखने में कठिनाई, स्वलीनता स्पेक्ट्रम विकार, मानसिक मंदता, मानसिक रोग, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, सिकल सेल रोग, पार्किंसन, बहुस्केलेरोसिस एवं बहु निःशक्तता आदि के कारण यदि कोई बच्चा आउट ऑफ स्कूल हो गया हो तो ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ा जाए। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में बीआरपी अनीता निर्मलकर, स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू, सक्रिय पीएलसी शिक्षक लव कुमार निर्मलकर एवं साइड सेवर मुकेश निषाद ने समावेशी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनर्स को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य गोविंद सिन्हा, सीएसी पवन साहू, प्रधानपाठक गैंदराम साहू, रेणु चन्द्राकर, प्रवीण सोनकुंवर, केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा। समावेशी शिक्षा की इस कार्यशाला से शिक्षकों को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला। इस पहल से जिले में समावेशी शिक्षा को मजबूती मिलेगी एवं प्रत्येक बच्चा शिक्षा का लाभ उठा सकेगा।

## विपक्षी आवाज को दबाने ईडी, आईटी का दुरुपयोग भाजपा की पुरानी आदत : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघल के घर ईडी की छापेमारी की पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कड़ी निंदा करते हुए राजनीतिक षड़यंत्र का हिस्सा बताया है। चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विपक्ष की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने ईडी, आईटी का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ पूरे देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए मजबूती से अपनी आवाज बुलंद की है। जिससे घबराकर भाजपा द्वारा ईडी की छापेमारी कर डराने का प्रयास किया जा रहा है।



चंद्राकर ने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को निशाना बनाया जा रहा है। विधानसभा में कवासी लखमा ने सवाल किया तो उन्हें जेल भेज दिया गया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों के अधिकार व हक की लड़ाई लड़ते हुए आवाज बुलंद किया था। जिससे विधानसभा में भाजपा के झूठ का पर्दाफाश हो गया। आवास योजना, सड़क निर्माण सहित विभिन्न जनहित के सवाल विस में बघेल ने दागे थे। भाजपा पूरी तरह प्रदेशवासियों के सामने बेनकाब हो गया था। इसी राजनतिक द्वेष के चलते श्री बघेल को ईडी के माध्यम से परेशान किया जा रहा है। पूरे देश में यही चल रहा है। भाजपा के भ्रष्टाचार व गलत कार्यों का विरोध कर जनता की आवाज बनने वाले लोकतंत्र के प्रहरी को इसी तरह परेशान करने का काम भाजपा कर रही है। चंद्राकर ने कहा कि बघेल को कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव तथा पंजाब का प्रभारी बनाया गया है। उनकी लोकप्रियता से घबरा कर भाजपा ने पहले भी श्री बघेल को परेशान करने के ईरादे से झूठे मामले में फँसाय था। ज़ब वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे, तब रमन सरकार उनके पीछे राज्य की एजेंसियो को लगा कर रखी थी। उनके पैतृक गांव में खेत को नापने रमन सरकार ने भरी बरसात में राजस्व का पूरा दल भेजा था तथा भिलाई स्थित उनके मकान को नापने के लिए दल भेजा। बघेल सहित उनकी स्व. माता, उनकी पत्नी को ईओडब्ल्यू में बिठाकर रखा गया। भाजपा के इन्हीं हरकतों को देखकर प्रदेशवासियों ने 2018 में भाजपा को सत्ता से बेदखल किया था।

## व्यक्तित्व विकास वर्ग में वार्षिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग (आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग) का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर पिटियाझर में हुआ1

वर्ग का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर एवं यनिता घाड़गे (प्रधानाचार्य सशिमं पिटियाझर) द्वारा मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। वर्ग में प्रथम कालांश में आचार्य बलराम सेन द्वारा प्रार्थना का अभ्यास, जिसमें प्रार्थना के क्रम सरस्वती वंदना, प्रार्थना मातृ वंदना, शांति पाठ का अभ्यास करवाया गया। द्वितीय कालांश में वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू वार्षिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमें छात्र-छात्राओं को परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने के लिए, परीक्षा के डर को समाप्त करने के सम्बन्ध, शिक्षक को कितना पढ़ना है, कैसे पढ़ना है, क्या पढ़ना है इस विषय पर जानकारी दी गई।



तृतीय कालांश में प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर द्वारा विद्यालय परिवार की संकल्पना विषय पर जानकारी दी गई । जिसमें विद्यालय कैसा हो, एक उत्कृष्ट विद्यालय में कौन-कौन सी चीजे होना चाहिए, जैसे प्रयुक्त कमरे, खेल का मैदान, बच्चों के मनोरंजन के लिए वस्तुओं का होना आवश्यक होता है। साथ ही उनके द्वारा विद्यालय के बाह्य स्वरूप एवं आंतरिक स्वरूप की संपूर्ण जानकारी दी गई। चतुर्थ कालांश में प्राचार्य राजश्री ठाकुर द्वारा विभागीय दायित्व की क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा की गई। जिसमें सभी विभागों की चर्चा कर कर्मियों को दूर कर अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में प्रयोग आधारित शिक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राओं को उचित ज्ञान देने के विषय में जानकारी दी गई। विद्यालय में एनआईपी के तहत शिक्षा को लागू करने के निर्देश दिया गया। इस वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर उमावि महासमुंद एवं सरस्वती शिशु मंदिर पिटियाझर के समस्त दीदी -आचार्य उपस्थित रहे।

## आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल (डी लिट) ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। 8 मार्च का दिन महिलाओं को समर्पित है। यह दिन नारी शक्ति और महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने का है। महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी-बड़ी लड़ाई को सम्मान देने और उनके सपनो को पंख देने का मौका देता है। यह दिवस हमें महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। इस दिन उन्हें यह एहसास कराया जाता है कि वे हमारे लिए कितनी खास हैं। भारत में आजादी के बाद लगातार सुधारों से महिलाओं को पुरुषों की तरह सशक्त बनाया गया है। आज महिलाएं स्वावलंबी और स्वतंत्र है, इसीलिए अब कहा जाने लगा है कि महिलाएं प्रगति की शिखर की ओर अग्रशित हैं। पश्चात महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रध्यापक प्रतिमा चंद्राकर ने कहा कि मनु स्मृति में स्पष्ट उल्लेख है कि जहां स्त्रियों का सम्मान होता है, वहां देवता रमण करते हैं, वैसे तो नारी को विश्वभर में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। किंतु, भारतीय संस्कृति एवं परंपरा में स्त्रियों का सदियों से विशेष स्थान रहा है। फिर भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वर्तमान में यदि खुले मन से आकलन करें तो पाते हैं कि महिलाओं को मिले सम्मान के उपरांत भी ये दो भागों में विभक्त हैं। एक तरफ एकदम से दबी, कुचली, अशिक्षित और पिछड़ी महिलाएं हैं तो दूसरी तरफ प्रगति पथ पर अग्रसर महिलाएं। कई मामलों में तो पुरुषों से भी आगे नई ऊंचाइयां छूती महिलाएं हैं। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रध्यापक रवि देवांगन ने भी महिला दिवस की के बारे में जानकारी प्रदान की। प्राध्यापक तरुण बांधे ने महिला सशक्तिकरण के बारे में संदेश दिया।

वाणिज्य संकाय के अतिथि व्याख्याता माधुरी दीवान ने महिलाओं के कार्यों पर प्रकाश डाला। भौतिकी की व्याख्याता शिखा साहू ने रूढ़ीवादी सामाजिक कुरीतियों को दूर कर महिलाओं को और अधिक सम्मानीय स्थान दिलाने के लिए प्रयासों पर जोर दिया। अंत में समाजशास्त्र की अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लेग्डिस मैथ्यू ने भी प्राचीन काल से महिलाओं की भूमिका को स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालयक के गणित के अतिथि व्याख्याता निलेश कुमार तिवारी एवं आभार प्रदर्शन अंग्रेजी के अतिथि व्याख्याता संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर (सहायक प्राध्यापक हिन्दी), रवि देवांगन (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र), अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस मैथ्यू, मुकेश कुमार सिंहा, माधुरी दीवान, शिखा साहू, निलेश तिवारी, क्रीड़ा अधिकारी तृपेश साहू, प्रयोगशाला तकनीशियन शेष नारायण साहू, जगतारण दास बघेल, कंप्यूटर ऑपरेटर नानक साहू, स्वच्छक कौशल साहू एवं सविता तुर्के उपस्थित रहे।





### जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की हुई बैठक




**महासमुंद।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में पूर्व में स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति समीक्षा की गई एवं वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में जिले के जनहितैषी कार्यों के संबंध में विभागों से प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि न्यास के कार्यां का प्रबंधन दैनंदिनी आधार पर प्रबंधकारिणी समिति द्वारा किया जाता है। इस बैठक के दौरान उच्च प्राथमिकता के क्षेत्र जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, वृद्ध एवं निःशक्तजन सहायता, पर्यावरण सहित अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सिंचाई, अधोसंरचना विकास के विभिन्न कार्यों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं पदेन सचिव जिला खनिज संस्थान न्यास एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, सचिव एवं सदस्य जिला खनिज संस्थान न्यास एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अचानकपुर स्कूल से लक्ष्मी का चयन

**महासमुंद।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत विज्ञान शिक्षिका ओमेश्वरी सिन्हा, शिक्षिका धनेश्वरी सिन्हा एवं शिक्षक रमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन से शासकीय उच्च प्राथमिक शाला अचानकपुर से लक्ष्मी पटेल पिता नीलकंठ पटेल कक्षा सातवीं के अभिनव विचार (इनोवेटिव आइडिया) विज्ञान मॉडल का चयन हुआ है। इस अवसर पर प्रधान पाठक दशरथ लाल ध्रुव ने छात्रा के नए आइडिया (इनोवेटिव आइडिया) को सराहा। वहीं स्कूल स्टाफ ने छात्रा के चयन पर हर्ष जताया है।



### साराडीह स्कूल में हुआ विदाई सम्मान समारोह

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला साराडीह में कक्षा पांचवी के बच्चों का विदाई सम्मान समारोह एवं नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में प्रधान पाठक मंजू चन्द्राकर, शिक्षक भारती चन्द्राकर, देवकी सिंह, सुनीता पटेल, महेश्वरी मारकण्डे, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष सीमा साहू, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौहान आदि मौजूद रहे।



### छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महापराक्रमी छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चन्द्राकर, मितानिन भारती चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, जया चन्द्राकर, शाशी चन्द्राकर, रुपेश चन्द्राकर, भूषण चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर आदि मौजूद रहे।

### 16 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 04 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम नूनपानी की मृतिका उत्तरा चंद्रवंशी, ग्राम बांदा के मृतक शंकरलाल एवं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बान्दुमुड़ा के मृतक ढोला दीवान उर्फ डोलाराम के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए है। इसी तरह आग में जलने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम महलपारा की मृतिका ममता शर्मा के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 50 हजार की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुमोदन पश्चात कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कोविड-19 संक्रमण से मृत व्यक्ति के परिजन व आश्रित को 50 हजार रुपए की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किया है। इनमें तहसील सरायपाली के ग्राम पलसाभाड़ी निवासी जगबंधु प्रधान की मृत्यु कोविड-19 संक्रमण से होने पर उनकी पत्नी विजया प्रधान के लिए 50 हजार रुपए की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किया गया।

---

**जागरूक : आंबा कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा है पोषण और शिक्षा का प्रशिक्षण**

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों के समग्र स्वास्थ्य पर दिया गया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महिला एवं बाल विकास विभाग शहरी परियोजना महासमुंद द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के क्षमता निर्माण के उद्देश्य से तीन दिवसीय पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, संवेगात्मक एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

परियोजना अधिकारी शैल नाविक ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नवीनतम शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विकसित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन नवचेतना पाठ्यक्रम लागू किया गया है। 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन के तहत आधारशिला पाठ्यक्रम को अपनाया गया है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के संज्ञानात्मक, भाषा, संवेगात्मक, रचनात्मक, शारीरिक और सामाजिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मास्टर ट्रेनर एवं पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण और शिक्षा के बीच संतुलन के महत्व पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास 6 वर्ष की आयु तक हो जाता है। इस अवधि में यदि बच्चों को उचित पोषण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, तो उनके भावी विकास की संभावनाएं अत्यधिक बढ़ जाती हैं। शासन आंगनबाड़ी केंद्रों को मानव संसाधन विकास की नर्सरी के रूप में और अधिक सक्षम बनाने हेतु कार्य कर रही है।




विषय विशेषज्ञ एवं अतिथि वक्ता निवेदिता आलोक वर्मा ने बच्चों के संपूर्ण आहार और पोषण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया किबाजरा आयरन का समृद्ध स्रोत है, और इसके नियमित सेवन से शरीर में रक्त की कमी को दूर किया जा सकता है। वर्तमान में बाजरा और अन्य मोटे अनाज हमारी भोजन की थाली से लुप्त होते जा रहे हैं। हमें फिर से मोटे अनाजों की ओर लौटना होगा। सभी को अपनी पोषण संबंधी आदतों में सुधार करते हुए मोटे अनाज सहित सभी पोषण समूहों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कैल्शियम और विटामिन डी की कमी से बच्चों के हड्डियों के विकास में बाधा आती है। बच्चों के हड्डियों के उचित विकास के लिए दूध, दुग्ध उत्पादों और नियमित धूप सेवन की सलाह दी गई। अतिथि वक्ता एवं प्रशिक्षक कुलदीप यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ईसीसीई गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा को रुचिकर और प्रभावी बनाना है, जिससे उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास सुचारू रूप से हो सके।

महासमुंद शहरी परियोजना के कुल 67 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण, केस स्टडीज एवं नवीनतम शैक्षिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इस तरह पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नवीनतम शिक्षा और पोषण नीतियों से जागरूक किया जा रहा है, जिससे वे अपने केंद्रों पर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी।

---

# चिरायु टीम के प्रयास ने अपेक्षा को दी नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम झालखम्हरिया की 8 साल की

- अपेक्षा सिर्फ एक कैंसर सर्वाइवर नहीं, बल्कि साहस और उम्मीद की मिसाल है

नन्ही अपेक्षा साहू की जिंदगी अचानक एक ऐसे मोड़ पर आ गई, जहाँ हर पल मौत की परछाईं उसका पीछा कर रही थी। उसके मासूम बचपन पर ब्लड कैंसर के एक दुर्लभ प्रकार एक्यूट प्रोमाइलोसाइटिक ल्यूकेमिया (एपीएमएल) ने गहरा असर डाला। महीनों से चला आ रहा बुखार, शरीर पर उभरते चकत्ते और पीलापन किसी गंभीर खतरे का संकेत दे रहे थे। जब स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम को उसकी हालत का पता चला, तो बिना देरी किए उसे एम्स रायपुर ले जाया गया, जहाँ विस्तृत जांच के बाद उसकी बीमारी की पुष्टि हुई।

इलाज की शुरुआत कीमोथेरेपी से हुई, लेकिन यह जितनी जरूरी थी, उतनी ही खतरनाक भी साबित हुई। पहली ही खुराक के बाद उसके शरीर ने गंभीर प्रतिक्रिया दी, अचानक दौरे पड़ने लगे, मस्तिष्क में रक्तस्राव (सीवीए) हो गया और उसका बायाँ हिस्सा अर्ध-पक्षाघात (हेमिप्लेगिया) से प्रभावित हो गया। यह सब देखकर उसके माता-पिता का दिल बैठ गया। उन्हें लगा कि अब कुछ भी ठीक नहीं हो सकता और उन्होंने इलाज बीच में ही रोकने का फैसला कर लिया। लेकिन, यही वह क्षण था जब चिरायु टीम ने उम्मीद का हाथ बढ़ाया। उन्होंने माता-पिता को समझाया कि यह लड़ाई अधूरी छोड़ देना ही असली हार होगी। उनकी काउंसलिंग और हौसले के चलते अपेक्षा का इलाज दोबारा शुरू हुआ। उसे बाल्को मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया, जहाँ उसने 7 खुराक कीमोथेरेपी पूरी की। दर्द और तकलीफ के बावजूद, उसकी मासूम आँखों में जिंदा रहने की चमक बनी रही। धीरे-धीरे उसकी हालत सुधरने लगी, और हर गुजरते दिन के साथ वह इस जानलेवा बीमारी पर विजय पाने की ओर बढ़ती गई। ऐसे कठिन समय में आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए की वित्तीय सहायता भी कारगर साबित हुई। सितंबर 2024 में जब उसने अपनी आखिरी कीमोथेरेपी पूरी की, तो यह सिर्फ एक इलाज का अंत नहीं था, बल्कि एक नई जिंदगी की शुरुआत थी। अब वह सिर्फ दवाइयाँ ले रही है, लेकिन पूरी तरह स्वस्थ महसूस कर रही है। अभी अपेक्षा कक्षा दूसरी में अध्ययनरत है। उसकी हँसी अब दर्द से भरी नहीं, बल्कि जज़्बे और हिम्मत की कहानी बयां करती है। अपेक्षा सिर्फ एक कैंसर सर्वाइवर नहीं, बल्कि साहस और उम्मीद की मिसाल है। उनकी माता-पिता के लिए जीने का संबल है।

---

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पंजीकरण के लिए बोरियाझर में लगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने तथा उनके कौशल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद के तत्वावधान में ग्राम बोरियाझर में 10 एवं 11 मार्च को किया गया। वहीं शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद में 10 से 12 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत 10 एवं 11 मार्च को ग्राम बोरियाझर के ग्राम पंचायत भवन में पंजीयन कार्य किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने युवाओं को योजना के बारे में जागरूक करने और पंजीयन प्रक्रिया में सहायता प्रदान करने के लिए डोर टू डोर सर्वे के माध्यम से ग्रामीणजनों को जानकारी प्रदान की।



### होली अवकाश के कारण मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र आज करेंगे जारी

**महासमुंद।** जिला चिकित्सालय महासमुंद (वर्तमान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संलग्न चिकित्सालय महासमुंद) में संचालित मेडिकल बोर्ड के तहत दिव्यांग प्रमाणपत्र सत्यापन/नवीनीकरण एवं नवीन दिव्यांग प्रमाणपत्र माह के प्रत्येक बुधवार को तथा मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र प्रत्येक शुक्रवार को जारी किए जाते हैं। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि होली पर्व के अवसर पर शुक्रवार 14 मार्च 2025 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र बुधवार 12 मार्च 2025 को दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी करने के साथ ही बनाए जाएंगे। उन्होंने संबंधित हितग्राहियों से अनुरोध करते हुए कहा है कि वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर प्रमाणपत्र प्राप्त करें।

### नपाध्यक्ष ने संभाला पदभार, युवाओं ने बांटा हलवा



**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर शपथ ग्रहण करने के बाद मंगलवार को निखिलकांत साहू ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस उपलक्ष्य में स्थानीय नेहरू चौक में युवाओं द्वारा हलवा प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, आकाश ठाकुर, शुभम चन्दाकर, होरीलाल साहू, पुष्कर साहू, युवराज कनौजे, फलेश साहू, गुलशन, सितेश साहू, निशु मिश्रा, निहाल आदि उपस्थित रहे।

---

# केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय कंसल ने विद्यालय की महिला शिक्षकों के साथ मां शारदा को पुष्पांजलि अर्पित कर दीपार्चन किया। भाव विभोर प्राचार्य ने महिलाओं से उनकी पसंद अनुसार अगले वर्ष महिला दिवस मनाने का वादा करते हुए अपने सारगर्भित उद्बोधन में महिलाओं के सम्मान में अति मीठे वचन कहे कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः। उन्होंने कहा कि महिला दिवस तो केवल प्रतीक है, हमें हर घड़ी, हर पल महिलाओं का यथोचित सम्मान करना चाहिए। क्योंकि उनके बिना घर संसार की कल्पना करना भी असंभव है। उन्होंने स्टाफ क्लब की ओर से महिलाओं को आकर्षक और उपयोगी उपहार भी प्रदान किए। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रोहिता बंसोड ने कहा कि केवि में महिलाओं के लिए बहुत ही स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण हैं। ऐसे स्थान पर कार्य करने मेंबहुत प्रसन्नता का अनुभव होता है। वरिष्ठ शिक्षक एसके सिंह ने महिलाओं के सम्मान में रामचरित मानस पाठ किया। शिक्षक नील माधव सिंह ने अपने उद्बोधन में मातृ शक्ति को नमन किया। गुलाब राम आवड़े ने महिलाओं के स्वाभिमान पर अपने उद्गार व्यक्त किए। शिक्षिका वंदिनी जौहरी ने स्वरचित यथार्थवादी कविता का पाठ किया। वरिष्ठतम शिक्षक विवेकानंद प्रधान ने कहा कि महिलाएं पुरुषों से किसी बात में कम नही हैं, बस आवश्यकता है उन्हें बराबरी का दर्जा, सम्मान और प्रोत्साहन देने की। विद्यालय के संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन, जेके चंद्राकर द्वारा लिखा गीत प्रस्तुति किया गया।



तुलसीराम चंद्राकर ने भी गीत गाकर सभी महिलाओं का मन जीत लिया। हिंदी शिक्षक दशरथ राम यादव और नागेश्वर साहू ने भी महिलाओं के प्रति अपने भावनात्मक उद्गार व्यक्त किए। खेल शिक्षक सोहनलाल ने महिलाओं के सम्मान में कुर्सी दौड़ का आयोजन कर विजेता महिलाओं को पुरस्कृत किया। धन्यवाद ज्ञापन भूमिका पाराशर ने किया। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र चंद्राकर और ओपी चंद्राकर ने किया। इस आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

---

# बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे और फॉर्मर रजिस्ट्री पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- राजस्व और कृषि विभाग की हुई संयुक्त बैठक

तहसील कार्यालय के सभाकक्ष में बागबाहरा एवं कोमाखान के राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू द्वारा सभी पटवारी, राजस्व निरीक्षक (आरआई) और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में फॉर्मर रजिस्ट्री में वृद्धि करने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा सके। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए, जिससे फसलों की सटीक जानकारी एकत्रित की जा सके और कृषि योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके अलावा नक्शा बटांकन, सीमांकन और स्वामित्व योजना के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करें और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। एसडीएम उमेश कुमार साहू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं को समय पर और पारदर्शी तरीके से लागू करें, जिससे किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके।

---

**बस्तर के पूर्व सांसद कश्यप की जयंती पर भाजपाइयों ने किया याद**

# बस्तर के जननायक थे पूर्व सांसद बलीराम कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद


जिला भाजपा कार्यालय में बस्तर टाइगर पूर्व सांसद स्वर्गीय बलिराम कश्यप की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का ने स्वर्गीय कश्यप के व्यक्तित्व और कार्यों को याद करते हुए उन्हें व्यापक जनाधार वाला नेता बताया है। उन्होंने कहा कि अपनी लोकप्रियता और बस्तर के लोगों से गहरे जुड़ाव के चलते स्वर्गीय बलिराम कश्यप को निर्वाचित जनप्रतिनिधि के रूप में मध्यप्रदेश विधानसभा और भारत की लोकसभा में लंबे समय तक बस्तर का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। उन्होंने तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री तथा संसद में विभिन्न समितियों के सदस्य के तौर पर भी बस्तर और राज्य के लोगों की सेवा की है।




जिला अध्यक्ष ने स्वर्गीय बलिराम कश्यप की जयंती का स्मरण करते हुए कहा कि अपने 40 वर्षों से भी अधिक के सार्वजनिक जीवन में उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वे बड़ी प्रखरता से विधानसभा और लोकसभा में बस्तर की आवाज बुलंद करते थे। उन्होंने जीवनभर बस्तर में विकास, शांति और आदिवासियों के कल्याण का स्वप्न देखा। उन्होंने विधायक, सांसद और मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में अपने इन सपनों को मूर्त रुप देने की भरपूर कोशिश की। वे सही मायनों में बस्तर के जननायक थे।

उल्लेखनीय है कि बस्तर के चार बार सांसद रहे स्वर्गीय बलिराम कश्यप का जन्म 11 मार्च 1936 को हुआ था। उनका 74 वर्ष की उम्र में 10 मार्च 2011 को निधन हो गया। इस अवसर पर राहुल चंद्राकर, गोविंद ठाकुर, प्रशांत श्रीवास्तव, आनंद साहू, भामनी चन्द्राकर, दुबेलाल साहू, निहाल देवांगन, यतेंद्र साहू, राजू यादव, अरविंद प्रहरे, हनीश बग्गा, गोपी कन्नौजे, नईम खान, आनंद साहू, परमानंद साहू, पंकज चन्द्राकर, नीरज चन्द्राकर समेत भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

online Booking-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई,
03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411